Title: Need to run proposed Gorakhpur-Durg train *via* Mau-Azamgarh-Shahganj and Jaunpur.

**श्री बालकृण चौहान (घोसी) :** महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान 2003-2004 के रेल बजट में प्रस्तावित गोरखपुर से दुर्ग वाया इलाहाबाद के लिए सप्ताह में दो दिन चलने वाली गाड़ी की ओर दिलाना चाहता हूँ।

निवेदन है कि यह गाड़ी गोरखपुर से दुर्ग वाया इलाहाबाद जाने के लिए बरास्ता मऊ-आजमगढ़ जौनपुर होकर चलाई जाए क्योंकि इसके अलावा दूसरे वैकल्पिक रेलमार्ग बरास्ता गाज़ीपुर औड़ियार (जो मऊ और वाराणसी के मध्य में है) वाराणसी होकर 5159 / 5160 सारनाथ एक्सप्रैस प्रतिदिन छपरा से दुर्ग तक चलती है। जबकि नई गाड़ी को प्रस्तावित रूट से चलाने पर मऊ, आजमगढ़ और जौनपुर की जनता को दुर्ग तक जाने के लिए नई सुविधा मिलेगी, जिससे रेलवे को काफी वाणिज्यिक लाभ होगा। उक्त सेवा की वार्ाँ से जनता मांग कर रही है।

अत: मै सरकार से मांग करता हूँ कि गोरखपुर से दुर्ग तक के लिये प्रस्तावित गाडी बरास्ता मऊ-आजमगढ, शाहगंज- जौनपुर होकर चलाई जाए ।